भारत सरकार

खान मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 774

दिनांक 07.02.2024 को उत्तर देने के लिए

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड

**†774.** डॉ. जयंत कुमार राय:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल), खेतड़ीनगर में पुरानी अवसंरचना, खराब फिटिंगों, हाउसकीपिंग सेवाओं की कमी, असंतोषजनक रसोई और भोजन सुविधाएं, अनुत्तरदायी कर्मचारी आदि सहित गेस्टहाउस के खराब रखरखाव के संबंध में जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या मंत्रालय/एचसीएल ने इन अतिथिगृहों के कार्यकरण की समीक्षा/निरीक्षण किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या चूंकि एचसीएल लाभ अर्जित कर रही है इसलिए खेतड़ीनगर स्थित गेस्टहाउस के नवीनीकरण/जीर्णोद्धार की तत्काल आवश्यकता है; और

(च) यदि हां, तो एचसीएल द्वारा खेतड़ीनगर स्थित गेस्टहाउस के समग्र कार्यकरण में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं/उठाए जाने की योजना है?

उत्तर

खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) से (च): खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स (हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की इकाई) अपने अधिकारियों को यात्रा के दौरान एवं अन्य अतिथियों को ठहराने के उद्देश्य से राजस्थान के झुंझुनू जिले के खेतड़ी नगर में एक छोटा गेस्ट हाउस चलाता है। केसीसी अधिकारियों द्वारा उक्त गेस्ट-हाउस की कार्यप्रणाली और रखरखाव का नियमित रूप से निरीक्षण और समीक्षा की जाती है।

एचसीएल से प्राप्त सूचना के अनुसार, आवश्यक और समय पर हस्तक्षेप तुरंत किये जाते हैं, जिनमें नए गीजर लगाना, कमरों, डाइनिंग हॉल, रसोई घर और अन्य क्षेत्रों की पेंटिंग, खराब एसी को बदलना, लिनन, क्रॉकरी और फर्नीचर की मरम्मत जैसे गेस्ट हाउस की सुविधाओं में सुधार करने के लिए उठाए गए कदम शामिल हैं। तथापि, खेतड़ी नगर में गेस्ट हाउस का नवीनीकरण और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है तथा एचसीएल प्रबंधन आवश्यकता और प्राप्त फीडबैक के आधार पर हस्तक्षेप करता है।

******